कार्यालय आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा छत्तीसगढ़

स्वास्थ्य भवन, द्वितीय तल, नार्थ–ब्लॉक, सेक्टर–19, नवा रायपुर, अटल नगर, छ.ग. 492002

क्रमांक / **1825** / छात्र / काउंसिलिंग / संचिशि / 2026 रायपुर, दिनांक: **20.11.2026**

प्रवेश वर्ष 2026 चिकित्सा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (एमडी / एमएस) में अखिल भारतीय कोटा (AIQ) से सीट आवंटन प्राप्त एवं छ.ग. राज्य काउंसिलिंग से प्रवेशित अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश निरस्तीकरण की तिथि में वृद्धि संबंधी आवश्यक सूचना

इस कार्यालय के सूचना क्रमांक 1815 / छात्र / काउंसिलिंग / संचिशि / 2026, दिनांक 17.11.2026 द्वारा प्रवेश वर्ष 2026 चिकित्सा स्नातकोत्तर (एम.डी. / एम.एस.) पाठ्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य काउंसिलिंग से प्रवेशित ऐसे अभ्यर्थी, जिन्हें अखिल भारतीय कोटे (AIQ) से सीट आवंटन प्राप्त हुआ है एवं जो राज्य काउंसिलिंग से लिया गया अपना प्रवेश निरस्त कराना चाहते हैं, उनके लिए सीट त्याग करने की अंतिम तिथि दिनांक 20.11.2026 शाम 05:00 बजे तक निर्धारित की गई थी, जिसे बढ़ाकर दिनांक 21.11.2026 शाम 05:00 बजे तक किया जाता है।

अतः सीट त्याग करने के इच्छुक अभ्यर्थी उक्त अवधि के भीतर अपनी प्रवेशित संस्था में जाकर सीट त्याग की प्रक्रिया पूर्ण करें।

(आयुक्त चिकित्सा शिक्षा द्वारा अनुमोदित)

20/11/26

अध्यक्ष

चिकित्सा स्नातकोत्तर काउंसिलिंग समिति

संचालनालय चिकित्सा शिक्षा, छत्तीसगढ़